Office of the Principal
Govt. Doon Medical College, Dehradun (Uttarakhand)
Phone no.0135-2726020, Fax no. 0135-2726020, 2726021, Dehrakhas, Patel Nagar, Dehradun-248001
Email id: doonmedicalcollege@gmail.com web site-www.doonmedical.com www.gdmcuk.com

अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध

–:कार्यालय आदेशः–

जैसा कि पूर्व में अवगत कराया गया है कि राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में NEET-UG से सम्बन्धित प्रवेश प्रकिया गतिमान है। साथ ही नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को छात्रावास आवंटन किया जाना है। अतः पुरूष एवं महिला छात्रावास में निवासरत् एम0बी0बी0एस0 बैच 2017, 2018, 2019 एवं 2020 के छात्र–छात्राओं को पुनः छात्रावास का आवंटन किया जाना है।

उक्त के कम में पूर्व के आदेशों के बावजूद एम0बी0बी0एस0 बैच 2017, 2018, 2019 एवं 2020 के कतिपय छात्र–छात्राओं के द्वारा आतिथि तक छात्रावास एवं मैस शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है।

छात्र–छात्राओं के यह भी संज्ञान में लाना है कि छात्रावास में रहने पर मैस भी अनिवार्य है। कुछ छात्रों के अनुरोध पर छः माह के एडवांस मैस शुल्क (@ रू0 120 प्रतिदिन) के स्थान पर दो माह के एडवांस शुल्क (रू0 7200/–) को अनुमोदित किया जा चुका है। यह भी अवगत कराना है कि नियमानुसार अवकाश के दौरान या छात्रों द्वारा पूर्व सूचना पर यदि मैस में खाना नहीं खाया जाता है तो सम्बन्धित छात्र–छात्रा का मैस फीस का समायोजन आगे की अवधि में मैस कमेटी द्वारा किया जायेगा।

तत्कम में समस्त एम0बी0बी0एस0 छात्र–छात्राओं को जो छात्रावास में रहने के इच्छुक हों को निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल छात्रावास शुल्क के साथ दो माह का मैस शुल्क (7200/–) का भुगतान करते हुए रसीद (UTR.No.) विवरण सहित पूर्ण रूप से भरते हुए दिनांक 17.02.2022 अपरान्ह 05:00 बजे तक रा0दू0मे0कॉलेज की निम्न ई–मेल पर अनिवार्य रूप से प्रेषित/उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। **अन्यथा की स्थिति में समझा जायेगा कि वे छात्रावास में रहने के इच्छुक नहीं हैं एवं सम्बन्धित छात्र–छात्राओं का छात्रावास का आवंटन निरस्त किया जायेगा।**

Email ID – boyshostelgdmc@gmail.com
girlshostelgdmc@gmail.com
Phone No. 0135-2729908

16/2/22

प्राचार्य,
राजकीय दून मेडिकल कॉलेज,
देहरादून।

पत्रांकः रा0दू0मे0का0/पी0एस0/का0आ0/2021–22/913 दिनांक 16 फरवरी 2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. चीफ वार्डन, पुरूष/महिला छात्रावास, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून।
2. इंचार्ज, स्नातक अनुभाग, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून।
4. समस्त मैस कमेटी के सदस्य, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून।
5. विद्यार्थी अनुभाग, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, को इस आशय से सूचनार्थ प्रेषित कि जिन छात्र–छात्राओं के द्वारा आतिथि तक छात्रावास एवं मैस के शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है उनके माता–पिता को दूरभाष के माध्यम से तत्काल शुल्क का भुगतान करने हेतु सूचित करना सुनिश्चित करें।
6. लेखा अनुभाग, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून।
7. नोटिस बोर्ड, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून।
8. गार्ड फाईल।

प्राचार्य,
राजकीय दून मेडिकल कॉलेज,
देहरादून।

Scanned with CamScanner